हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा ही नहीं, बल्कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कानूनन अपराधः उपायुक्त



12 गेहूं व सरसों से अटी अनाजमंडी, अब तक तीनों अनाजमंडियों में साढे तीन लाख क्विंटल से अधिक सरसों की खरीद



## खबर संक्षेप

### चार किसानों की बिजली केबल चोरी

**धारूहेड़ा।** रोजका में चोर चार किसानों के नलकूपों से पंप सेट की बिजली केबल चोरी कर ले गए। गांव निवासी कृष्ण ने बताया कि जब वह सुबह के समय अपने नलकूप पर गया तो वहां बने कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोर बिजली के कमरे से ट्यूबवेल तक की केबल काट ले गए। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि चोर उसके भाई सत्यप्रकाश व दो अन्य किसानों महेंद्र तथा श्रीराम के ट्यूबवेल से भी बिजली केबल चोरी कर ले गए।

### स्कार्पियों की टक्कर से दो घायल

**रेवाड़ी।** जैसलमेर नेशनल हाइवे के सर्विस रोड पर सहारनवास के पास स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। धवाना निवासी कर्मजीत अपने चचेरे भाई रितिक के साथ बाइक से रेवाडी की ओर आ रहा था। सहारनवास अंडरपास से निकलकर जग दोनों सर्विस रोड पर पहुंचे तो स्कॉर्पियो गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से रितिक को रेफर कर दिया गया। रामपुरा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### कंटेनर लूट मामले में एक और गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए ने तीन साल पहले मोबाइल फोन से भरा कंटेनर लूटने के मामले में एक और आरोपी को काबू किया है। पुलिस इस मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। 26 मई 2022 को करोड़ों रुपये के मोबाइल फोन लेकर निकले एक कंटेनर को असाही पुल के पास लूट लिया गया था। मामले की जांच रोहतक व रेवाड़ी जिले की एसटीएफ की टीमों ने की थी। आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले में सीआईए ने एमपी के टोंककलां निवासी हेमराज को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### ट्रांसफार्मर जमीन पर गिराकर रॉड चोरी

**धारूहेड़ा।** जोनावास में चोर नहर के पास एक किसान के खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर को जमीन पर गिराकर रॉड व ऑयल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में निगम के एसडीओ ने बताया कि किसान जगमाल के खेत में लगा 25 केवी का बिजली ट्रांसफार्मर चोरों ने जमीन पर गिरा दिया। उसका तेल रॉड चोरी कर ली गई। इससे बिजली निगम को लगभग 75 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। किसान की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर चोरी केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### लिफ्ट में चढ़ते समय मारपीट का आरोप

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सोसायटी की लिफ्ट में चढ़ते समय मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में सोसायटी निवासी जयवीर यादव ने बताया कि वह लिफ्ट में चढ़ने लगा तो अमित ने लिफ्ट रोक दी। उसने आरोप लगाया कि अमित ने उसका गला दबाकर मारपीट करना शुरू कर दिया। सोसायटी के गेट पर गया तो वहां भी अमित ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### दो गांवों से बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**धारूहेड़ा।** रोजका व खटावली गांवों में चोर दो किसानों के बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में निगम के जेई ओमकुमार ने बताया कि खटावली में राजेश देवी व रोजका में राजसिंह के खेतों में 25 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे हुए थे। रात के समय मौका पाकर दोनों ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए।

## डवाना की सीमा में बनी सात दुकानों को किया जमींदोज

# डीटीपी के बुलडोजर का कहर, लगातार तोड़फोड़ से लोगों में मचा हड़कंप

- लालपुर में विकसित हो रही कॉलोनी ध्वस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अवैध दुकानों को तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

नियमों को ताक पर रखकर कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति निर्माण करने वाले लोगों पर डीटीपी का एक्शन तेज हो गया है। डीटीपी का बुल्डोजर लगातार ऐसे निर्माण तोड़ रहा है, जिससे निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। तोड़फोड़ रुकवाने के लिए किसी तरह का कोई दबाव काम नहीं आ रहा है, जिससे निर्माण करने वाले लोगों के पसीने छूटे हुए हैं। वीरवार को डीटीपी की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट और भारी पुलिस बल के साथ गढ़ी बोलनी रोड पर फ्रेट कॉरिडोर रेलवे लाइन के पास पहुंची। वहां बिना अनुमति बनाई गई सात दुकानों को जेसीबी से तोड़ दिया गया। दुकान मालिक की ओर से कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास भी किया गया, परंतु पुलिस बल की मौजूदगी के चलते किसी की एक नहीं चली। यहां पहले भी तोड़फोड़ की कार्रवाई हुई थी। दुकानों को तोड़ने से पहले विभाग की ओर से नोटिस जारी किए हुए थे। डीटीपी की टीम ने डवाना के पास ही लालपुर की राजस्व सीमा में विकसित हो रही एक कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। इस कॉलोनी में जेसीबी ने 5 दीवार व 15 डीसीपी को जमीन के बराबर कर दिया। यहां भी पुलिस बल की मौजूदगी के कारण लोगों का विरोध काम नहीं कर सका। जिस समय डीटीपी की जेसीबी चल रही थी, उस समय निर्माण करने वाले लोग अपने नुकसान का मंजर देखने के अलावा कुछ नहीं कर सके।

### निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप

डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग ने जिले में हो रहे बिना अनुमति निर्माण का सर्वे खुद करना शुरू किया हुआ है। बीते सप्ताह उन्होंने कई साइटों का निरीक्षण करने के बाद उन्हें तोड़ने का निर्णय लिया था। इसके बाद डीटीपी की टीम ने कार्रवाई तेज कर दी। गत तीन दिनों से दो फार्म हाउस भी डीटीपी की टीम के लपेटे में आ चुके हैं। अब छोटे निर्माण से ज्यादा कई एकड़ में विकसित की जा रही कॉलोनियां डीटीपी के निशाने पर हैं। लगभग 10 दिन के दौरान 20 एकड़ से ज्यादा जमीन हो रहे निर्माण तोड़े जा चुके हैं।

### अवैध निर्माण किसी भी सूरत में नहीं होंगे बर्दाश्त



*आमजन से बार-बार यह अपील की जा रही है कि वह किसी के बहकावे में आकर अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। इसके लिए विभागीय कार्यालय में आकर पूछताछ की जा सकती है। निर्माण करने के बाद तोड़फोड़ से खरीददारों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। -मंदीप सिंह सिहाग, डीटीपी।*

### लगातार जारी किए जा रहे नोटिस

डीटीपी विभाग की ओर से कंट्रोल्ड एरिया में निर्माण करने वाले लोगों को लगातार नोटिस दिए जा रहे हैं। लगभग 60 निर्माण पर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। बड़ी संख्या में नोटिस तैयार किए जा रहे हैं। जिन निर्माण को एक बार तोड़ने के बाद दूसरी बार निर्माण किए जा रहे हैं, उनके मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी जल्द अमल में लाई जा सकती है। फिलहाल डीटीपी के एक्शन ने प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर निर्माण करने वाले लोगों तक की नींद उड़ाई हुई है।

### समानांतर चल रहा प्लॉटिंग का कार्य

एक ओर जहां डीटीपी का बुल्डोजर अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण पर चल रहा है, तो दूसरी ओर कुंड, खोरी, बावल व धारूहेड़ा आदि क्षेत्रों में प्लॉटिंग का कार्य भी समानांतर चल रहा है। इन एरिया में कृषि भूमि खरीद चुके कॉलोनाइजर लोगों को गुमराह करते हुए एग्रीमेंट के आधार पर प्लॉट बेच रहे हैं। खासकर माजरा में बन रहे एम्स व पाडला के आसपास कॉलोनियां काटी जा रही हैं। अरावली पर्वत की तलहटी में भी प्लॉट काटे जा रहे हैं। देखना यह है कि इन एरिया में एक्शन होने में कितना समय लगेगा।

# गेहूं की एक एकड़ फसल में लगी आग

## किसान के फव्वारा पाइप भी जले



रेवाड़ी। सुधराना में लगी आग से जली गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

- आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका
- किसान ने पुलिस को इसकी शिकायत दर्ज कराई

वीरवार तड़के सुधराना में एक किसान के खेत में लगी आग से एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान के फव्वारा पाइप भी आग की भेंट चढ़ गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। किसान ने पुलिस को इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

राहुल ने अपने खेत में एक एकड़ में गेहूं की फसल उगाई हुई थी। फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी थी। वीरवार को सुबह साढ़े 4 बजे उसे पता चला कि खेत में आग लगी हुई है। आग की सूचना पाकर आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए।

सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी। राहुल ने बताया कि आग से उसके फव्वारा सेट के 30 प्लास्टिक पाइप भी जल गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। खेत से बिजली की लाइन गुजरने के कारण शॉर्ट सर्किट की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा। पुलिस ने राहुल की शिकायत पर मौका मुआयना करते हुए आगजनी के कारणों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# वर्क फ्रॉम होम का लालच देकर लाखों की ठगी

- मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।राम फोटो : हरिभूमि

साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लगभग साढ़े सात लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मूल रूप से रोहतक के सैमाण पुट्ठी निवासी विकास ने 6 मार्च को पुलिस शिकायत में बताया था कि वह इस समय गणपत नगर में रह रहा है। उसके पास 28 फरवरी को डिजीलूम का लिंक व्हाट्स एप पर आया था। उसमें घर बैठे पैसे कमाने का लालच दिया गया था। उसके पास पहले यूपीआई से 200 रुपये भेजे गए। इसके बाद टास्क करने के लिए एक हजार रुपये यूपीआई नंबर से डालने को कहा। उसने यह राशि ट्रांसफर कर दी। इसके बदले उसे 1480 रुपये भेजे गए। उसके दिल में ज्यादा पैसा कमाने का लालच आ गया। टेलीग्राम से उसे 30 हजार रुपये भेजने के लिए कहा, तो उसने यह राशि भी भेज दी। उससे 28 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 747900 रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब उसने यह राशि वापस पाने का प्रयास किया, तो उसे और पैसे जमा कराने के लिए कहा गया। उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के मुकुटपुरा निवासी राजकुमार को गिरफ्तार किया है। ठगी की रकम का कुछ हिस्सा उसके खाते में ट्रांसफर हुआ था।

### ठगी के मामले में एक प्रोडक्शन वारंट पर

साइबर थाना पुलिस ने करीब पांच साल पहले दर्ज साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित की शिकायत पर 14 मई 2020 को केस दर्ज किया था। साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद राजस्थान के अडबी की ढाणी निवासी रतनलाल को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह साइबर ठगी के गुरूग्राम के मानेसर थाने में दर्ज केस में जेल में बंद चला आ रहा है। आरोपी से पूछताछ करने के बाद उसे फिर से जेल भेज दिया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने 200 बेड अस्पताल के लिए दो गांवों में जमीन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अस्पताल के जमीन निरीक्षण के दौरान चर्चा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री।

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जिले में प्रस्तावित 200 बेड के अस्पताल के निर्माण के लिए चिंहित की जा रही जमीन का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने गांव शहबाजपुर खालसा और बेरियावास में प्रस्तावित स्थानों का दौरा करते हुए अधिकारियों के साथ चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें। 200 बेड के अस्पताल के लिए ऐसी जगह का चयन किया जा रहा है, जिससे अधिकतम लोगों को लाभ मिल सके।

जैसे ही उपयुक्त जमीन का अंतिम चयन कर लिया जाएगा, उसकी रिपोर्ट सरकार को भेज दी जाएगी और निर्धारित समय सीमा में अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस मौके पर सीएमओ डा. नरेंद्र और डीडीपीओ नरेंद्र सारवान भी मौजूद थे।

# शराब ठेके पर लूट का आरोपी वारंट पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

गत 30 जनवरी को बासदुधा में शराब ठेके पर गल्ले से नकदी लूटने के मामले में थाना खोल पुलिस ने एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। बाद में उसे कोर्ट में पेश करते हुए वापस जेल भेज दिया गया। मनेठी निवासी विजय सिंह ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसने पाडला सर्किल में शराब ठेके लिए हुए हैं। एक ब्रांच बासदुधा में है। ब्रांच के सेल्समैन ने उसे फोन पर बताया कि दिन दहाड़े दो युवक बाइक पर आए। दोनों ने उसे ठेका खोलने के लिए कहा। उसने ठेका खोलने से मना किया तो एक ने पिस्तौल निकालकर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने ठेके का दरवाजा खोल दिया। दोनों युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे। बाद में वह गल्ले से लगभग 8 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

जांच के बाद पुलिस ने एक अन्य मामले में जेल में बंद राजस्थान के गिगलाना निवासी रोहित को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश कर दिया।

### घर के बाहर खड़ी बैंक कर्मचारी की कार चोरी

**रेवाड़ी।** बुधवार की रात चोर सेक्टर-4 में घर के बाहर खड़ी एक बैंक कर्मचारी की विटारा ब्रेजा कार चोरी कर ले गए। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में राजस्थान के उदयपुरा निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक में कर्मचारी है। इस समय वह सेक्टर-4 में रह रहा है। रात को उसने अपनी कार घर के बाहर पार्क की दीवार के पास खड़ी की थी। रात को साढ़े 10 बजे तक कार वहीं खड़ी थी। वीरवार सुबह जब वह उठकर घर से बाहर आया तो उसे कार नहीं मिली। काफी पूछताछ करने के बाद भी कार का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी की मदद से कार चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# प्राइवेट स्कूल के कंडक्टर पर मारपीट का केस दर्ज

**कोसली।** खुर्शीद नगर गांव के एक व्यक्ति ने एक निजी स्कूल की बस के कंडक्टर पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। राजेन्द्र सिंह ने नाहड़ पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके बच्चे एक निजी स्कूल बस में स्कूल जाते हैं। बच्चों ने बताया था कि बस कंडक्टर उन्हें पीटता है। गत माह 21 मार्च को प्रातः उन्होंने इस संबंध में उनके गांव के ही बस कंडक्टर गोरा से पूछा तो उसने उल्टा उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान कंडक्टर ने पीछे से राड लेकर उन पर जान लेवा हमला कर दिया, जिससे उनकी पसली टूट गई व फ्रैक्चर हो गया। बाद में वे उपचार के लिए निजी अस्पताल में पहुंचे। सूचना के बाद नाहड़ पुलिस अस्पताल पहुंची तथा उनकी शिकायत पर कंडक्टर के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## कई गांवों में बिजली के 58 पोल टूटे, चार ट्रांसफार्मर भी आंधी के कारण डैमेज

# मौसम में बदलाव से 1.5 डिग्री की राहत, तेज आंधी बिजली निगम के लिए आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। कोसली क्षेत्र में अंधड से सड़क पर टूटकर गिरे पेड़। फोटो :हरिभूमि

### कई गांवों की बिजली आपूर्ति हुई बाधित



रेवाड़ी। वीरवार शाम को शहर में छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बुधवार की रात कई इलाकों में तेज अंधड़ व बूंदाबांदी ने मौसम के तेवर ठंडे कर दिए। तापमान में गिरावट आने से भारी गर्मी का प्रकोप कम हो गया। अभी 12 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। इस दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। दूसरी ओर तेज आंधी के कारण रात को डेढ़ दर्जन से अधिक बिजली फीडर ब्रेक डाउन हो गए। विभिन्न गांवों के बिजली के 58 पोल टूट गए, जबकि आंधी में जमीन पर गिरकर 4 ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए। शहरी क्षेत्र में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। बीते बुधवार तक तीन दिन भारी गर्मी ने सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया था। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इससे सड़कों से लेकर बाजार तक दोपहर के समय वीरान नजर आने लगे थे। भारी गर्मी के कारण शाम तक लोग घरों से बाहर निकलने से भी बचने लगे थे। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बुधवार देर रात तेज आंधी के साथ कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। इससे अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 40.5 डिग्री पर आ गया। हालांकि रात का तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 26.5 पर पहुंच गया, लेकिन दिन के तापमान में गिरावट से हीटवेव का असर कमजोर पड़ गया। तापमान अभी भी सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिसके जल्द सामान्य होने की संभावना है। वीरवार को सुबह से ही बार-बार आसमान में बादल छाए रहे, जिससे बूंदाबांदी की संभावना बनी रही। दोपहर के समय तेज धूप से भी काफी हद तक राहत मिली रही। लगातार तीन दिन तक लोगों को जून माह में पड़ने वाली गर्मी जैसे हालात का सामना करना पड़ा है। वीरवार को शाम के समय एक बार फिर आसमान में बादल गहराने के साथ तेज हवाएं चलनी शुरू हो गईं।

बिजली निगम के कर्मचारियों ने अधिकांश गांवों में बिजली आपूर्ति वैकल्पिक ट्रांसफार्मरों से जोड़कर बहाल कर दी। शाम तक कई गांवों में आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। पोल व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से निगम को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

### अभी दो दिन और बदला रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ की सक्रियता के कारण अभी आने वाले दो दिनों तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। आसमान में बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या ओलावृष्टि की संभावना बनी रहेगी। मौसम में बदलाव से चार से पांच दिन तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में भारी गर्मी एक बार फिर लोगों का पसीना छुड़ाना शुरू कर देगी। दूसरे पखवाड़े में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे लोगों को लू के थपेड़ों का सामना भी करना पड़ सकता है।

### तेज आंधी से ब्लैकआउट के हालात

रात को कई एरिया में तेज आंधी आने के बाद लगभग डेढ़ दर्जन बिजली फीडर ट्रिप कर गए। कोसली एरिया में बिजली की लाइनों पर पेड़ गिरने से कई गांवों में ब्लैकआउट जैसे हालात बन गए। कुछ गांवों में बिजली के पोल भी टूटे हैं। वीरवार को सुबह से ही निगम कर्मचारी बिजली आपूर्ति बहाल करने में लगे हुए थे। निगम के एसई प्रदीप चौहान ने बताया कि कोसली एरिया को छोड़कर अन्य सब डिविजन में बिजली व्यवस्था पर ज्यादा असर नहीं हुआ। बंद हुए फीडरों को बाद में चालू कर दिया गया था।

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

# डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत

अलका जैन 'आराधना'

बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।



**जब नहीं पीने दिया गया पानी:** बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया- 'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

**संविधान में दिया समानता का अधिकार:** जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव अंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**लें यह संकल्प:** बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दुनिया का काम



बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *

**किताब:** दुनिया का काम, **लेखक:** अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी



# भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव हैं। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

### मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

**मावलिननॉन्ग** नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *




### जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'


**भारत में** गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

### गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

**मध्य प्रदेश** के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



### डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज



**डोंग गांव** को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

# उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी



पर्व

विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

**फसल तैयार होने की खुशी:** बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

**खालसा पंथ की हुई स्थापना:** बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

**हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधित:** तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

**हर प्रांत में अलग नाम:** बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता
केश लगाकर आगे बढ़ता।

2. कान है पर सुन नहीं सकता
पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।

3. हाथ है पर करता नहीं काम
रस है पर पीता नहीं श्याम।

4. हरि है पर नहीं है देवता
द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तर: 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार

# श्याम का गांव



श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी

कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

कविता / करुणा पांडे

## गूगल दादा

गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।



मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

## जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-148 का उत्तर :** 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

**जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ आरोपी को पकड़ा

**नारनौल।** सीआईए ने अवैध हथियार रखने के मामले में गश्त के दौरान थाना शहर क्षेत्र छोटा बड़ा तालाब के पास से एक आरोपित राहुल वासी मोहल्ला फलसा संघियाडा को अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपित विनोद वासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा को भी गिरफ्तार किया है।

### पैसे निकालने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल।** मंदिर का दानपात्र तोड़कर पैसे निकालने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सचिन वासी महासर अटेली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को महासर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित नशे का आदी है। आरोपित ने महासर के शिव मंदिर से दानपात्र तोड़कर पैसे निकालने की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने पूछताछ में आरोपित से नकदी बरामद की है। शिकायतकर्ता सुन्दरलाल पुजारी वासी महासर ने थाना अटेली में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी।

### पूर्व पार्षद शकुंतला यादव के निधन पर जताया शोक

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव स्वर्गीय बिक्रम सिंह यादव की पत्नी पूर्व पार्षद शकुन्तला यादव का निधन हो गया। रेवाड़ी रोड स्थित स्वर्ग आश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रही थी। उन्होंने हमेशा पार्टी में सक्रिय रहकर पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य किया। वीरवार को उनके निवास स्थान मोहल्ला पुरानी सराय में शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें विधायक ओमप्रकाश यादव ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डा. अभय सिंह यादव, पूर्व विधायक अटेली सीताराम यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व जज कंज्यूमर कोर्ट बुद्धदेव यादव, पूर्व जज राकेश यादव, रामअवतार यादव एडवोकेट, प्रदीप यादव एडवोकेट, डा. केके यादव, जेपी सैनी, चेयरमैन नगर परिषद कमलेश

### आज कनीना मंडी में नहीं होगी सरसों की खरीद

**कनीना।** कनीना मंडी में सरसों की अधिक आवक होने व उठान कार्य में तेजी लाने के लिए 11 अप्रैल को सरसों की खरीद नहीं होगी। यह जानकारी देते हुए मार्केट सचिव विजय सिंह ने बताया कि मंडी में सरसों की अधिक आवक होने व उठान कार्य के कारण 11 अप्रैल को सरसों की खरीद नहीं होगी। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे इस दिन अपनी फसल को लेकर मंडी में न आएं।

### श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा कल

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर अग्रवाल सभा भवन में प्रातः 11:15 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रि 8:15 बजे जागरण कार्यक्रम का आयोजन राजकुमार खंडेलिया के सानिध्य में किया जाएगा। मुख्य अतिथि सतनारायण गुप्ता, जयप्रकाश अग्रवाल होंगे।

---

30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का शुभ मुहुर्त, शादियों की उम्र को लेकर रहें सजग

# बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा ही नहीं, कानूनन अपराध भी : डीसी

विवाह समारोह के संबंध में पहले से दुल्हा-दुल्हन के आयु प्रमाणपत्रों जरूर जांचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का शुभ मुहुर्त है। सामाजिक प्रथा अनुसार इस शुभ मुहुर्त पर लोगों की ओर से बड़ी संख्या में विवाह का आयोजन किया जाता है,जिसकी आड़ में काफी संख्या में बाल विवाह भी संपन्न किए जाते है। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा ही नहीं, बल्कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार कानून अपराध है। डीसी मीणा ने अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह कराने वाले पुजारी, पाठी, गांव के पंच, सरपंच, नंबरदारों व शहरों में नगर पार्षदों एवं सामुदायिक केंद्र, सार्वजनिक भवन, बैंकट हाल, मैरिज पैलेस व धर्मशाला इत्यादि के मालिकों, कार्ड प्रिंटिंग वाले, फोटोग्राफर, बैंड बाजा व टेंट हाउस के संचालकों से अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह समारोह के संबंध में पहले से दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच करने की अपील की है तथा आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रखे। अपने क्षेत्र में बाल विवाह का आयोजन न होने दें। ऐसा पाए जाने पर इसकी सूचना प्रशासन को दें और बाल विवाह रोकने में सहयोग करें।

**लड़की की उम्र 18 व लड़का 21 का हो**

डीसी ने बताया कि विवाह के लिए लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष व लड़के की शादी की उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व विवाह करना कानूनन अपराध है। नियम के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही किए जाने का भी प्रावधान है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि झूठी शिकायत करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रशासन की ओर से सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में समय रहते नजदीक के पुलिस थाने, चौकी, आंगनबाड़ी वर्कर, डब्ल्यूसीडीपीओ, बाल संरक्षण अधिकारी, डीपीओ, महिला एवं बाल विकास, एसडीएम, बीडीपीओ, तहसीलदार, सीटीएम, पुलिस अधीक्षक व बाल विवाह निषेध अधिकारी को उनके दूरभाष नंबर 8814011719 व पुलिस कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर दी जा सकती है।

---


नांगल चौधरी। एशियन खेलों में गोल्ड मेडल विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन दयाराम यादव। फोटो : हरिभूमि

## एशियन खेलों में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में प्रतिभावान खिलाड़ियों का अभिनंदन समारोह प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें भूटान में आयोजित एशियन खेलों में गोल्ड मेडल विजेता विद्यार्थियों को संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन प्रेम देवी, प्रबंधक निदेशक अमित यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार ने शैक्षणिक संस्थान, पंचायत तथा अन्य विभागों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं निर्धारित की हैं, क्योंकि खेलों से शारीरिक विकास होने के साथ सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं,

---

# चौदह तक धरना देंगे खाद-बीज विक्रेता

- नए अधिनियम को लेकर जिला प्रधान राकेश बालधन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में वीरवार को जिला प्रधान राकेश बालधन की अध्यक्षता में खाद-बीज विक्रेताओं की बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर खाद-बीज विक्रेताओं ने नए बीज एवं कीटनाशक अधिनियम को लेकर चर्चा की। एसोसिएशन के प्रधान राकेश बालधन ने कहा कि नए अधिनियम के विरोध में अब हड़ताल के साथ अनाज मंडी गेट पर धरना शुरू किया जाएगा। धरने पर प्रतिदिन दो ब्लॉक के सदस्य बैठेंगे।


रेवाड़ी। शिव मंदिर में बैठक करते खाद-बीज विक्रेता। फोटो : हरिभूमि

चार दिन धरना देने के बाद फिर से बैठक करनके आगामी निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल तक जिले की कोई भी खाद-बीज दुकान नहीं खुलेगी और न ही विक्रेता किसी खाद-बीज बेचेगा। प्रधान राकेश ने कहा कि बीज में किसी प्रकार की कोई खामियां होती है, तो वह प्रोड्यूसर का काम होता है। डीलर सिर्फ किसान और प्रोड्यूसर के बीच की कड़ी होता है। अब किसी भी प्रकार की खामियां पाई जाती है, तो डीलर को दंड भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 6 माह की जेल की सजा के लिए भी गैर जमानती वारंट जारी करना न्यायसंगत नहीं है।

खाद-बीज अधिनियम में बदलाव किया गया है, जिसके लिा खाद-बीज और कीटनाशक डीलर को एक साल तक सजा और 50 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है तथा दोबारा पकड़े जाने पर 2 साल तक कैद और 2 लाख रुपए तक जुर्माना किया जाएगा। पहले यह जुर्माना 500 रुपए था और दोबारा पकड़े जाने पर 6 महीने की जेल या एक हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान था। अब खाद-बीज एवं कीटनाशक सैंपल सब डिवीजन पाए जाते हैं तो नॉन बेलेबल वारंट होगा।

---

समाजसेविका मोनिका ने किया शुभारंभ

## कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग चंडीगढ़ की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। 29 अप्रैल तक चलने वाली कार्यशाला का शुभारंभ समाजसेविका मोनिका शर्मा ने किया। रंगकर्मी मदन डागर ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य दक्षिण हरियाणा क्षेत्र में रंगमंच को बढ़ावा देना है। जिले में दूसरी बार आयोजित की जा रही कार्यशाला पूर्णतया निःशुल्क है, जिसमें 18 वर्ष से 30 वर्ष तक के 19 प्रतिभागी भाग ले रहे है। कार्यशाला का समय शाम 5 से 8 बजे तक रखा है। कार्यशाला में करीब एक घंटे की अवधि का



रेवाड़ी। कार्यशाला में जानकारी देते हुए मदन डागर। फोटो : हरिभूमि

नाटक 'अग्नि शिखा' तैयार किया जाएगा । इस नाटक का मंचन कार्यशाला के समापन पर बाल भवन में शाम 7:30 बजे होगा। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। कार्यशाला के प्रथम दिन प्रतिभागी आर्यन, अर्जुन, पंकज मेहंदीरत्ता, जितेश बत्रा, पायल, नितिन राठी, गोविंद शर्मा, हिमांशु कुमार, धीरज शर्मा, पूजा, मयंक, यश सहरावत, जय डागर, धवल कुमार, रितिक, लक्ष्मी, आनंद यादव, कपिल शर्मा व आंचल ने भाग लिया। मौके पर अनिल कुमार, कशिश बत्रा, हिमानी नीरमन व ललित वर्मा उपस्थित थे। संचालन रंगकर्मी डा. अंकुर खेर ने किया।

---


नारनौल। स्वच्छता अभियान चलाते टीम सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### टीम ममाज ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नारनौल।** टीम ममाज खासपुर ने डा. जयकृष्ण आभीर के मार्गदर्शन में गांव खासपुर के श्री शनि शक्ति धाम परिसर में स्वच्छता व सौंदर्यीकरण का कार्य कर एक अनुकरणीय पहल की। इस अभियान का नेतृत्व दीपक यादव व नितेश यादव ने किया। जिनकी अगुवाई में दर्जनों युवाओं व बच्चों ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर से घास फूस, झाड़ियां और कचरा हटाया। बच्चों ने हाथों में कुदाल व तगारी लेकर पूरे जोश के साथ सफाई कार्य में भाग लिया। सचिन रोहिल्ला कहा कि जब युवा अपने गांव की सेवा को धर्म मान लेते हैं, तब असली विकास शुरू होता है। टीम ममाज खासपुर के सदस्यों ने न केवल मंदिर परिसर की सफाई की, बल्कि उन्होंने मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाया।

---

## निशा राठौर और विनय यादव वरिष्ठ नागरिक देखभाल समिति के सदस्य नियुक्त

- इस नियुक्ति पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का आभार व्यक्त किया
- वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को पूरा करने में सहयोग किया करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


निशा राठौर


विनय यादव

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एडवोकेट निशा राठौर गुमीना और एडवोकेट विनय यादव पीथड़ावास को वरिष्ठ नागरिक एवं माता-पिता देखभाल समिति का सदस्य बनाया गया है। डीसी एवं सीटीएम की ओर से जारी की गई सूचना में एसडीएम बावल, रेवाड़ी और कोसली सहित नौ अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है,

जिसमें गीता यादव रेवाड़ी, अतुल स्वामी पुरानी सब्जी मंडी रेवाड़ी, उषा रेवाड़ी, सुनील कुमार मोतला कला, अधिवक्ता अनीता यादव डहीना व आशाराम बावल को जिम्मेदारी दी गई है।

एडवोकेट निशा और एडवोकेट विनय ने इस नियुक्ति पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का आभार व्यक्त किया है। एडवोकेट निशा व विनय यादव ने कहा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों को पूरा करने में सहयोग किया करेंगे।

---

## लोकहित सोसायटी वरिष्ठ नागरिकों व विकलांगों को देगी वाहन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को सामाजिक संस्था लोकहित सोसायटी की बैठक आयोजित की गई, जिसका संचालन प्रधान सुंदर ने किया। बैठक में संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के जरूरतमंद व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं विकलांगों को चिकित्सा संबंधी कार्यों में आने-जाने के लिए एक वाहन का संचालन किया जाएगा। यह सुविधा जिले के नागरिकों को शहर के अस्पतालों व योग केंद्रों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधान ने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रार्थी को संस्था के कार्यालय पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। वाहन व्यक्ति को उनके निवास से अस्पताल तक और फिर उनके निवास पर ही वापस छोड़ेगा। आईसीयू संबंधी किसी भी सेवा के लिए संस्था का वाहन नहीं दिया जाएगा। रजिस्टर्ड व्यक्ति संस्था के विरुद्ध न्यायालय में नहीं जाएगा तथा रविवार के दिन वाहन सेवा बंद रहेगी।

---

आठवीं से कुमार प्रणव की 28वीं रैंक

## देवयानी बेवल के बच्चों ने प्राप्त किए गोल्ड मेडल व सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव बेवल स्थित देवयानी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल ओलिंपियाड के घोषित परिणाम में 37 बच्चों ने बेहतरीन रैंक के साथ नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल की आठवीं कक्षा से कुमार प्रणव ने 28वीं रैंक, पांचवी कक्षा से कुणाल धतरवाल ने रिजनिंग विषय में 28वीं रैंक, राजश्री ने 42वीं रैंक, यश यादव ने 44वीं रैंक, यशवर्धन ने 71वीं रैंक, युवान वरिष्ठ ने 104वीं रैंक, अर्पित यादव ने 120वीं रैंक, शिवांश यादव ने 190वीं रैंक, साधना ने 192वीं रैंक, कर्ण यादव, दीपांशु, दक्ष, लक्ष्य,


महेंद्रगढ़। ओलंपियाड के पदक विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

आनन्या, कुणाल धतरवाल, दीपांशु यादव, मुस्कान चौधरी, श्वेता, हेमा यादव, सानिया धतरवाल, कुणाल यादव, अरमान, निखिल, दीपांशु कुमार, रोहन राव, दीप्ती यादव ने बेहतरीन रैंक के साथ क्वालीफाई किया। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित पदक विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि सभी बच्चों में प्रतिभा छिपी रहती है।

---

# सिहमा व खामपुरा को किया नशा मुक्त घोषित

- जिला पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ की चलाई जा रही मुहिम रंग लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

जिला पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ द्वारा चलाए जा रहे मेरा गांव-नशा मुक्त गांव मुहिम रंग ला रही है। इस मुहिम के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। पुलिस की ओर से सिहमा व खामपुरा नशा मुक्त घोषित किया गया। इन दोनों गांवों में ग्राम पंचायतों की ओर से नशा मुक्त गांव होने का बोर्ड भी लगाया गया है। वीरवार को नारनौल सदर पुलिस प्रभारी सब इंस्पेक्टर धर्मबीर सिंह व फैजाबाद पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि नशा मुक्त अभियान में सरपंच और


मंडी अटेली। सिहमा नशा मुक्त करने के लिए बोर्ड लगाती पुलिस।

मौजिज लोग मौजूद रहे। सभी गांव के प्रतिनिधियों ने विश्वास दिलाया कि हम इस मुहिम में साथ है और गांव के प्रत्येक नागरिक को जागरूक करेंगे। हमारा लक्ष्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं है, बल्कि समाज में नशे के खिलाफ एक नई सोच विकसित करना भी है। हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह नशे से दूर रहे और यदि किसी परिचित को इस लत का सामना करना पड़ रहा है तो उसे सही रास्ता दिखाने में मदद करें।

अगर आप या आपके आसपास कोई नशे की लत से ग्रस्त है तो आप मित्र बनकर उनकी मदद कर सकते हैं। उनसे बात करें व दर्द को समझें। इससे न केवल उनकी हिम्मत बढ़ेगी, बल्कि वे नशे से मुक्ति पाने के लिए प्रेरित भी होंगे। इस मौके पर सिहमा की सरपंच सुमन देवी और खामपुरा की सरपंच प्रियंका देवी ने बताया किनशे से शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

---

कांग्रेस की राष्ट्रीय ओबीसी सेल में बदलाव, पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव को चलता किया

तीन साल पहले सौंपी गई थी बड़ी जिम्मेदारी,

# डाक्टर अनिल जयहिंद के हाथों में आई कमान

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी


कप्टन अजय सिंह


भूपेंद्र सिंह हुड्डा


मल्लिकार्जुन खड़गे

बीते लोकसभा चुनावों में पार्टी हाईकमान से टिकट का झटका झेल चुके पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव को एक बार फिर झटका लगा है। पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें ओबीसी विभाग के राष्टीय अध्यक्ष पद से चलता करते हुए डा. अनिल जयहिंद को ओबीसी सेल की कमान सौंपी है। इसे सेल को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह से राजनीतिक मतभेद रखने वाले कैप्टन अजय सिंह यादव ने गत लोकसभा चुनावों में पार्टी हाईकमान की ओर से टिकट के लिए रखी आवेदन की शर्त का विरोध करते हुए चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। टिकट वितरण के ऐन मौके पर कैप्टन अजय चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो गए थे। उन्होंने बाद में टिकट के लिए आवेदन भी कर दिया था, परंतु हुड्डा खेमे के वर्चस्व के चलते पार्टी ने राज बब्बर को टिकट देकर मैदान में उतार दिया था। हालांकि कैप्टन ने पार्टी प्रत्याशी का खुलकर साथ देने का दावा किया था, परंतु कांग्रेस दलित व मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने के बावजूद गुरूग्राम सीट नहीं निकाल पाई थी। चुनाव परिणाम आने के बाद कैप्टन ने एक बार फिर पार्टी हाईकमान को तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। उनका दावा था कि अगर राजबब्बर की जगह उन्हें मैदान में उतारा जाता, तो वह गुरूग्राम सीट आसानी से निकाल सकते थे। लोस चुनाव बीत जाने के बाद कैप्टन को इस बात की आशंका सता रही थी कि अगर हुड्डा खेमा विधानसभा चुनावों में भी हावी रहता है, तो उनके लिए बेटे चिरंजीव की टिकट सुरक्षित रखना भी मुश्किल बन सकता है। चिरंजीव की टिकट को लेकर कोई परेशानी नहीं आई, परंतु अपने मजबूत गढ़ में कैप्टन बेटे की सीट निकलवाने में कामयाब नहीं हो पाए।

**राष्ट्रीय स्तर पर नहीं कर पाए चमत्कार**

राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के बावजूद कैप्टन ओबीसी सेल को मजबूत करने की दिशा में कोई बड़ा चमत्कार नहीं कर पाए। लगभग तीन साल तक पद पर बने रहने के बावजूद देश के विभिन्न हिस्सों में सेल की गतिविधियां इतनी मजबूत नहीं रहीं, जितनी होनी चाहिए थीं। कुछ स्थानों पर कैप्टन ने सेल के सफल कार्यक्रम भी करे, परंतु वह पद को आगे बरकरार रखने में सफल नहीं हो पाए। जिस समय लोकसभा चुनावों में उनकी टिकट कटी, उसी समय उन्होंने अपने पद को एक तरह से 'महत्वहीन' करार देने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। पार्टी हाईकमान ने अब उनके हाथ से यह जिम्मेदारी वापस ले ली है। इसके स्थान पर उन्हें कोई दूसरा पद भी नहीं दिया गया है। कैप्टन का कहना है कि तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के कारण राष्टीय अध्यक्ष को एक प्रक्रिया के तहत ही बदला गया है।

---

## हाइब्रिड सरसों दे रही है किसानों को बंपर पैदावार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव बचीनी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रगतिशील किसान देवेंद्र के खेत में आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों को फसल कटाई के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के साथ-साथ अच्छी पैदावार के लिए विभिन्न उपाय बताते हुए कहा कि संतुलित मात्रा में खाद्य पानी का इस्तेमाल जरूरी है। कंपनी अधिकारी रजनीश चौधरी व क्षेत्रीय प्रतिनिधि मामन सिंह ने सही बीज का चुनाव और कंपनी के पंचसूत्र के बारे में जानकारी दी, जिससे किसान अपनी पैदावार बढ़ा सके। गांव बचीनी में उन्होंने कहा कि अब फसल कटाई करते समय सावधानी से कार्य करें और आगामी फसलों के लिए तैयारी करें। पायनियर क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. रजनीश चौधरी ने किसानों को जैविक खेती का महत्व बताते हुए कहा कि सरसों में पचसूत्र को अपनाकर बेहतर उत्पादन ले सकते हैं।


महेंद्रगढ़। किसान गोष्ठी में उपस्थित किसान।

## खबर संक्षेप

### हादसे के बाद बाइक चालक पर केस

**रेवाड़ी।** बीकानेर के पास 4 अप्रैल को हुए सड़क हादसे में थाना सदर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाकानेर निवासी देवदत्त अपने घर की ओर जा रहा था। गांव से कुछ दूरी पर बाइक चालक करावरा मानकपुर निवासी संजय ने बाइक से उसे टक्कर मार दी। हादसे में संजय भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया था। पहले दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही थी। बाद में सुलहनामा नहीं होने पर सदर थाना पुलिस ने संजय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### खेत के कमरे में रखी मोटर ले गए चोर

**रेवाड़ी।** नूरपुर में चोर एक खेत के कमरे में रखी बिजली की मोटर चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में नूरपुर निवासी राजेंद्र ने बताया कि उसने गोकलगढ़ निवासी भूमालिकों की खेती करने के लिए जमीन बंटाई पर ली हुई है। खेत में एक कमरा बना हुआ है। उसने ट्यूबवेल की जली हुई मोटर कमरे में रखी थी, जिसे चोर मौका पाकर ले गए। मोटर की कीमत करीब 20 हजार रुपये है। काफी पूछताछ करने के बाद भी मोटर का पता नहीं चला। रोहड़ाई थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### फायरिंग मामले में दो तफ्तीश में शामिल

**रेवाड़ी।** कसोला थाना पुलिस ने वर्ष 2023 में जमीन पर कब्जे के प्रयास को लेकर परिवार के सदस्यों पर हमला करने व गोली चलाने के मामले में दो और आरोपियों को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने डवाना निवासी राजबीर के बयान पर कई लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने कई लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया था। केस में शामिल सोनू व मोहित को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद पुलिस ने दोनों को तफ्तीश में शामिल कर लिया।

### महावीर जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**रेवाड़ी।** यदुवंशी विद्यालय में वीरवार को महावीर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान महावीर के जीवन और उनके सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान मतावीर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य व डीन मुकेश यादव ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय अध्यक्ष राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कोहारड़ में हनुमान जयंती पर जागरण आज

**नाहड़।** गांव कोहारड़ स्थित बाबा हर्षापुरी मंदिर में हनुमान जयंती पर 12 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ तथा जागरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक हनुमान यादव व ग्राम वासियों ने बताया कि 11 अप्रैल को शाम 4 बजे कामू रंगीला की ओर से सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। दिल्ली से पंडित राकेश पारीख अपनी टीम के के साथ रात 8 बजे जागरण में हनुमानजी की महिमा का गुणगान करेंगे। शनिवार प्रातः 8 बजे हवन के बाद 10 बजे श्रद्धालुओं को बाबा के भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### रामलीला ग्राउंड खोरी में जागरण कल

**रेवाड़ी।** नवयुवा दुर्गा मंडल व ग्रामवासियों की ओर से रामलीला ग्राउंड खोरी में 12 अप्रैल को रात 9 बजे से मां भगवती के विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा तथा 13 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला प्रमुख मनोज यादव होंगे। राजगढ़ से गायक सरदार सुरजीत सिंह, जीतू पागल रेवाड़ी व मिंटू मस्ताना रेवाड़ी भजनों से माता की महिमा का गुणगान करेंगे। जागरण में प्रेम आर्ट गुरप पटौदी की ओर से झांकियां पेश की जाएगी। सहगल साउंड सर्विस का साउंड तथा गुलशन म्यूजिक ग्रुप अलवर का संगीत होगा।

### वीरवार को हैफेड ने रेवाड़ी व कोसली में खरीदा 31 हजार क्विंटल गेहूं

# गेहूं व सरसों से अटी अनाजमंडी, अब तक तीनों अनाजमंडियों में साढ़े तीन लाख क्विंटल से अधिक सरसों की खरीद

**खास बातें**

- बावल व कोसली में केंद्रीय एजेंसी एनसीसीएफ का सरसों खरीद का लक्ष्य पूरा
- टीनशेड के अलावा खुले में पड़े कट्टों से परेशानी आ रही
- करेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में 1.58 लाख क्विंटल गेहूं की एमएसपी पर खरीद हो चुकी






**रेवाड़ी।** कोसली में गेहूं से अटी पड़ी अनाज मंडी, रेवाड़ी अनाजमंडी में गेहूं की खरीद करते हुए हैफेड अधिकारी तथा रेवाड़ी अनाजमंडी में खुले में पड़े सरसों के कट्टे। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/बावल/कोसली

जिले की रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडियों में सरसों व गेहूं की भारी आवक आ रही है। बुधवार रात्रि से मौसम खराब होने से किसानों को फिर से चिंता सताने लगी है। वीरवार शाम को पूरे दिन बादल छाए रहने के बाद शाम को बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे अनाजमंडी में खुले में पड़ी फसल को तिरपालों से ढकना पड़ा। लिफ्टिंग कमजोर होने के कारण अनाजमंडी में चारों तरफ सरसों व गेहूं के बैग रखे हुए है। टीनशेड के अलावा खुले में पड़े कट्टों से परेशानी आ रही है। वीरवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 340 किसानों से 8000 क्विंटल सरसों व 240 किसानों से 12000 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। बावल अनाजमंडी में वेयर हाउस कारपोरेशन की ओर से वीरवार को 94 किसानों से 2300 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस से परचेजर सुरेन्द्र ने बताया कि अब तक 32300 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है, जिसमें 59200 कट्टों का उठान भी किया जा चुका है। परचेजर ने बताया कि अभी तक सोसायटी के माध्यम से सरसों खरीदी जा रही थी। शुक्रवार से वेयरहाउस अपने लिए सरसों की खरीद करेगा। तीनों अनाजमंडियों में अब तक 3.55 लाख क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद की जा चुकी है। रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में 1.58 लाख क्विंटल गेहूं की एमएसपी पर खरीद हो चुकी है।

### एनसीसीएफ का सरसों खरीद का लक्ष्य पूरा

कोसली अनाज मंडी में बुधवार तक 76890 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी थी। हैफेड ने वीरवार को 246 किसानों से 19000 क्विंटल गेहूं की खरीद की। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि वीरवार तक 166784 क्विंटल गेहूं के 2745 गेट पास जारी किए गए तथा 276351 क्विंटल सरसों के लिए 12452 गेटपास जारी हो चुके हैं। केंद्रीय एजेंसी एनसीसीएफ का सरसों खरीद का 192587 क्विंटल का लक्ष्य पूरा होने के बाद वीरवार को राज्य के वेयरहाउस ने सरसों की खरीद शुरू की। शाम तक 5000 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी थी। खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि मंडी से सरसों के 373984 कट्टों का उठान भी हो चुका है। हैफेड प्रबंधक के अनुसार गेहूं के 75000 कट्टों का उठान हो चुका है।

### मुख्य सचिव ने वीसी में की फसल खरीद की समीक्षा

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने जिले में चल रही फसल खरीद की व्यवस्थाओं को वीसी के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मंडियों में हो रही खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने खरीद एजेंसी के अधिकारियों को फसल खरीद के रुपये किसानों के खातों में निर्धारित समयावधि में डालने के निर्देश दिए तथा एजेंसी को खरीद की गई फसल का समय पर उठान करने के भी निर्देश दिए। एडीसी अनुपमा अंजलि ने मुख्य सचिव को बताया कि जिले में कोसली, रेवाड़ी व बावल की अनाज मंडियों में फसल खरीद का कार्य व्यवस्थापूर्ण तरीके से किया जा रहा है तथा उठान कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए है। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले की मंडियों में किसानों की सुविधा को लेकर बिजली, पीने का पानी, शौचालय, बारदाना व सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। किसानों को अनाज मंडी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान मंडी में अपनी फसल सुखाकर लाएं ताकि उन्हें फसल बिक्री के लिए किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सीटीएम प्रीति रावत, एसडीम कोसली विजय कुमार यादव व एसडीएम बावल उदय सिंह मौजूद थे।

## सिद्धार्थ यादव जैसे वीर सपूत देश की असली पहचानः आरती राव

- स्वास्थ्य मंत्री ने जगुआर विमान हादसे में शहीद हुए गांव भालखी माजरा के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** शहीद के परिवार से मिलते हुए स्वास्थ्य मंत्री। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने वीरवार को जगुआर विमान हादसे में शहीद हुए गांव भालखी माजरा के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव को उनके सेक्टर-18 स्थित निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद के परिवार से प्रति प्रदेश सरकार की ओर से संवेदनाएं प्रकट कीं। मंत्री आरती राव ने कहा कि सिद्धार्थ यादव जैसे वीर सपूत देश की असली पहचान होते हैं। 2 अप्रैल की रात एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जब जगुआर विमान में तकनीकी खराबी आई, तब फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव ने अदम्य साहस दिखाते हुए अपने को-पायलट को सुरक्षित बाहर निकलने में मदद की। इसके बाद उन्होंने विमान को घनी आबादी वाले इलाके से दूर ले जाकर लेंड कराया, जिससे सैकड़ों लोगों की जान बच गई, लेकिन उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमारा क्षेत्र हमेशा से ही वीरों की धरती रहा है और शहीद सिद्धार्थ ने उसी गौरवशाली परंपरा को निभाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव की अमर गाथा सदैव देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी और उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा कि शहीद के परिजनों द्वारा रखी गई मांगों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा और उन्हें पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मनोज कुमार जिला प्रमुख, अनिल रायपुर, नीतू चौधरी, अजय पाटोदा, मास्टर हुकम चंद, कुलदीप व डा. कमल मेहरा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मिनी मार्केट में तब्दील हाइवे का अंडरपास हुआ साफ, एनएसएआई ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




**रेवाड़ी।** अंडरपास से अतिक्रमण हटवाते एनएचएआई के कर्मचारी तथा अंडरपास में सफाई करते हुए जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर बने फ्लाईओवरों के नीचे अंडरपास लंबे समय से मिनी मार्केट में तब्दील हो चुका था, जिससे वाहन चालकों को हादसों की आशंका बनी रहती है। बस स्टॉप पर बने अंडरपास पर बड़ी संख्या में रेहड़ी लगाने वाले लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ था। समस्या को लेकर 'हरिभूमि समाचार पत्र' में 9 अप्रैल को 'मिनी मार्केट में तब्दील हाइवे के अंडरपास, भारी पड़ रहा मंथली वसूली का खेल' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था, जिसके बाद एनएचएआई के अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए वीरवार को फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास से अतिक्रमण पूरी तरह हटा दिया है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीडी, रखरखाव कंपनी के मुख्य प्रबंधक वैभव शर्मा व प्रबंधक द्विजेंद्र के निर्देश पर कर्मचारियों की ओर से अंडरपास के नीचे से अतिक्रमण हटवाया गया। कर्मचारियों की ओर से रेहड़ियां हटाने के बाद अंडरपास में जेसीबी से सफाई भी कराई है। रखरखाव कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र चौधरी, रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर संजय कुमार, अजीत, महेश, सहीराम व मनोज ने भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न होने देने का भरोसा दिलाया और अतिक्रमणकारियों को फिर से अंडरपास के अंदर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी।

एनएच-11 नेशनल हाइवे पर कुंड बैरियर और खोरी बस स्टैंड ऐसे स्थान हैं, जहां लोगों का आवागमन सबसे ज्यादा रहता है। खरीददारों की संख्या ज्यादा होने के कारण दोनों प्रमुख बस स्टॉप पर फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। बड़ी संख्या में रेहड़ी लगाने वाले लोगों ने अंडरपास पर ही दुकानदारी जमा ली थी। अंडरपास पर लगी रेहड़ियां सर्विस लेन से सड़क के दूसरे छोर तक जाने वाले वाहन चालकों को नजर नहीं आती। रेहड़ियों के जमावड़े के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे थे।

## महावीर जयंती पर जैन समाज ने निकाली रथयात्रा

- जैन समाज की ओर से भगवान महावीर के जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म व विश्व धर्म का संदेश दिया गया
- शोभायात्रा के समापन पर कंवरसेन जैन, विशाल जैन, वेदप्रकाश जैन व अभिषेक जैन के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा



**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा में भगवान महावीर की रथयात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

महावीर जयंती के अवसर पर वीरवार को धारूहेड़ा में रथयात्रा निकाली गई। जैन समाज की ओर से भगवान महावीर के जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म व विश्व धर्म का संदेश दिया गया। शोभायात्रा के समापन पर कंवरसेन जैन, विशाल जैन, वेदप्रकाश जैन व अभिषेक जैन के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के प्रधान मोहित जैन, संरक्षक विजय कुमार जैन, राजकुमार जैन, महेंद्र जैन, मंगतराम जैन, महासचिव संदीप जैन, कोषाध्यक्ष लोकात जैन, जांगड़ा समाज से प्रधान महेंद्र जांगिड़, नगर पालिका उप प्रधान अजय जांगिड़, ब्राह्मण समाज के प्रधान देवेंद्र शर्मा व सुभाष शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बहादुर जवानों की बदौलत आज हम अपने देश में पूर्ण रूप से सुरक्षितः राव इन्द्रजीत

- केंद्रीय मंत्री ने शहीद के परिवार को हर संभव मदद का आशवासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** शहीद के परिवार को सांत्वना देते राव इन्द्रजीत सिंह।

गुजरात के जामनगर क्षेत्र में क्रैश हुए जगुआर विमान में फ्लाइट लेफ्टिनेंट सिद्धार्थ यादव के निधन पर वीरवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सेक्टर-18 स्थित निवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। केंद्रीय मंत्री ने शहीद के परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली भी उपस्थित रही। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि सिद्धार्थ शहीद होने का दुख सभी को है, लेकिन उन्होंने जिस बहादुरी का परिचय देते हुए अपने प्राण न्योछावर किए हैं, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ ने अपनी बहादुरी का परिचय दिया और वीरगति को प्राप्त हुए। ऐसे बहादुर जवानों की बदौलत आज हम अपने देश में पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। सरकार हर तरह से शहीद सिद्धार्थ के परिवार के साथ है और हम शहीद की शहादत को नमन करते हैं। देश की रक्षा और सुरक्षा हम सब का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ का त्याग और साहस देश कभी नहीं भूलेगा।

## परिजनों के पास भेजी प्रेमी के साथ फोटो बाद में कंपनी कर्मचारी युवती लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

धारूहेड़ा की एक कंपनी में कार्यरत 19 वर्षीय युवती ने परिजनों के पास पहले प्रेमी के साथ अपनी फोटो भेजी। इसके बाद युवती व उसका प्रेमी दोनों गायब हो गए। दोनों के मोबाइल फोन भी बंद आ रहे हैं। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद दोनों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। झारखंड के बोकारो जिला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी दो बेटियां धारूहेड़ा की कंपनी में नौकरी करती हैं। वह कस्बे में ही किराए के कमरे में रह रही हैं। उसकी बड़ी बेटी झारखंड में उसके पास गई हुई थी, जबकि छोटी धारूहेड़ा में रह रही थी। उसने 5 अप्रैल को अपनी कंपनी में कार्य करने वाले एक युवक के साथ अपनी फोटो भेजी थी। युवक यूपी का रहने वाला धीरज है। फोटो भेजने के बाद उसकी बेटी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। वह अपने दामाद तथा बड़ी बेटी के साथ धारूहेड़ा आया तो छोटी बेटी कमरे पर नहीं मिली। कंपनी में पता करने पर बताया गया कि धीरज व उसकी बेटी 4 अप्रैल से ही कंपनी में नहीं आ रहे हैं। उसने धीरज पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

**अभियान** कोसली के धनिया टी पॉइंट, नया गांव मोड़, खेडी नांगल व भाकली बाइपास पर सर्च अभियान चलाया

## पुलिस का लगातार चल रहा सर्च अभियान कोसली में की संदिग्ध स्थानों की जांच

- पुलिस की ओर से बाहरी श्रमिकों के पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



**रेवाड़ी।** कोसली में अभियान के दौरान जांच करती पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

कोसली थाना पुलिस, डॉग स्क्वॉयड व कमांडों टीम ने वीरवार को कोसली के धनिया टी पॉइंट, नया गांव मोड़, खेडी नांगल व भाकली बाइपास पर सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने अनेक संदिग्ध स्थानों की जांच की। पुलिस की ओर से बाहरी श्रमिकों के पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की जांच की गई।

कोसली थाना एसएचओ कश्मीर सिंह ने कहा कि पुलिस की ओर से सुरक्षा को लेकर और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एसपी डा. मयंक गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस की टीमें लगातार संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही है। वीरवार को जिला पुलिस की गठित टीम को किसी प्रकार की आपत्तिजनक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। एसएचओ ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई नशीला पदार्थ बेचता है तथा आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे तथा आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें। पुलिस की ओर से तुरंत एक्शन लिया जाएगा।